जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 24.06.2024**

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मोबाईल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 बाल अपचारी अभिरक्षा में, कब्जे से लूटा गया मोबाईल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामदः-

ज्ञात हो कि दिनांक 22.06.2024 को सिमरनजीत सिंह पुत्र श्री गुरदीप सिंह निवासी ग्राम यहियापुर थाना झिंझाना जनपद शामली से बाईक सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आरु पैलेस के पास से मोबाईल छीन लेने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सूचना दी थी। पीडित की तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 24.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई मोबाईल लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाईल व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद हुई है। बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेने व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी का विवरणः-

1.लूटा हुआ मोबाईल आई फोन 14 प्रो।

2.घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल हीरो अचीवर UP19K 1192

थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-

आज दिनांक 24.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस को 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध मस्कट मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.कुरबान उर्फ बिल्ला पुत्र रियासत निवासी ग्राम जंधेड़ी थाना कैराना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

अवैध मस्कट मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला पंसारियान में छेड़छाड़, मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार:-

आज दिनांक 24.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला पंसारियान में छेड़छाड़, मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 17.06.2024 को वादी श्री मामचन्द पुत्र सुमत प्रसाद निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ने कुलदीप आदि 08 नफर के विरुद्ध महिलाओं के साथ छेड़छाड़, गाली गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दी थी। पीडित की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.संजय पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मुण्डेट थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

<u>जनपद पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 06 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी/वांछित अभियुक्त किये गिरफ्तारः-</u>

दिनांक 23/24.06.2024 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में जनपद शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 06 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में सम्बन्धित थानों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>

1.रवि उर्फ घासी पुत्र कृष्णपाल उर्फ सुक्कन निवासी ग्राम भनेड़ा थाना काँधला जनपद शामली।

2.बाबूराम पुत्र अधीर सिंह निवासी ग्राम ताहरपुर भभीसा थाना काँधला जनपद शामली।

3.नौशाद पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला मौलालान थाना काँधला जनपद शामली।

4.जाउल पुत्र दिलशाद निवासी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.अक्षय पुत्र सुरेश निवासी ग्राम अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली।

6.विनोद कुमार पुत्र सुरेन्द्र कश्यप निवासी ग्राम भाज्जू थाना बाबरी जनपद शामली।

<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>